





एक नजर में

## कांग्रेस की मंथन बैठक, संगठन मजबूती पर फोकस




**रतलाम/सैलाना।** इंदिरा भवन में कांग्रेस की मंथन बैठक: संगठन मजबूती पर फोकस, उज्जैन संभाग के नेताओं की अहम मौजूदगीभोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आज इंदिरा भवन, भोपाल में उज्जैन संभाग के सभी जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा।इस अहम बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, सह-प्रभारी संजय दत्त सहित उज्जैन संभाग के सभी जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।बैठक में रतलाम जिले के ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं सैलाना विधानसभा के पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए संगठनात्मक मुद्दों पर अपने विचार रखे और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के सुझाव दिए।प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं ने सभी पदाधिकारियों को संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बढ़ाने तथा आमजन से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि मजबूत संगठन ही भविष्य की राजनीतिक सफलता की कुंजी है, और इसके लिए सभी स्तरों पर एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

## गुलाब चक्कर में जिला प्रशासन ने किया संगीतमय आयोजन

**रतलाम।** भारत रत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जन्म जयंती पर जिला प्रशासन द्वारा गुलाब चक्कर में संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। इसमें बाबा साहब के जीवन दर्शन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति ग्राम कांगसी के लोक गायक दीपक चरपोटा एवं उनके साथियों ने दी। 'बाबा साहब ने हम सबको एक नई राह दिखाई, हम सब की किस्मत चमकाई' जैसे गीतों से कबीर के पदों की प्रस्तुति का उपस्थितजनों ने आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन ने की। अतिथियों का स्वागत परियोजना अधिकारी डूडा अरुण पाठक ने किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया एवं आभार प्रदर्शन रत्नेश विजयवर्गीय ने किया। कार्यक्रम समापन पर कलाकारों का अभिनंदन पीओ डूडा अरुण पाठक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह, उपसंचालक पंचायत एवं सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, सुश्री प्रीति जैन एवं उपस्थितजनों ने किया।

## कालूखेड़ा थाना प्रभारी ने साइबर फ्राड, बाल विवाह पर की चर्चा



**जावरा।** गांव चिकलाना में लालमाता चौराहे पर कालूखेड़ा थाना प्रभारी शंकरसिंह चौहान ने जनता को साइबर फ्रॉड, बाल विवाह, नशे के कारोबार के बारे में लोगों से चर्चा कर गलत धंधे में लिप्त लोगों की जानकारी मांगी। साथ ही फ्रॉड से कैसे बचा जाए कि जानकारी दी। इस अवसर पर पिपलोदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चंद्रावत, भेरुलाल पटेल, सरपंच प्रतिनिधि गट्टूसिंह, महेशचंद्र रावल, गजराजसिंह चंद्रावत, जगदीशचंद्र रावल, भारतलाल मालवीय, प्रकाशचंद्र, जरदाद खान पठान, शहादत खान मंसूरी, अखिल मोहम्मद मंसूरी, बगदीराम धनोरा, भोपालसिंह चंद्रावत, मोहनलाल मालवीय, श्यामलाल के साथ कालूखेड़ा थाने से आरक्षक हिम्मत सिंह चौहान, आरक्षक कमलेश बुनकर, असलम खान आदि उपस्थित थे।

# सेंट स्टीफेंस स्कूल की छात्रा प्रदेश में तीसरे व जिले में प्रथम

## बिना कोचिंग पाई सफलता, कई विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों ने एक बार फिर विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण को सामने ला दिया है। इस वर्ष 12वीं परीक्षा का कुल परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा, जिसमें छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 79.41 प्रतिशत सफलता दर हासिल की, जबकि छात्रों का परिणाम 72.39 प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही जिलेभर में कहीं खुशी तो कहीं निराशा का माहौल देखने को मिला, वहीं कई स्कूलों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से नई मिसाल कायम की।

इसी क्रम में शहर के गांधी नगर स्थित सेंट स्टीफेंस स्कूल ने इस वर्ष शानदार परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा सृष्टि सिलावट ने 500 में से 488 अंक अर्जित कर न केवल प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया, बल्कि जिले में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल, परिवार और पूरे शहर का नाम रोशन किया है। सृष्टि की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता अवश्य मिलती है।

सृष्टि की सफलता की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग या विशेष कक्षाओं का सहारा लिए यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की। सृष्टि ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय के अनुशासित वातावरण को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच ही उनकी सफलता का मूल मंत्र रहा।

विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल के समग्र परिणाम को ऊंचाई प्रदान की।

विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। स्कूल के डायरेक्टर संजय उपाध्याय ने सृष्टि सिलावट सहित सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन का जो वातावरण बनाया गया है, उसी का परिणाम आज देखने को मिल रहा है।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की लगन और नियमित अभ्यास ने यह संभव किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी विद्यालय इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। अंत में कहा जा सकता है कि सेंट स्टीफेंस स्कूल का यह परिणाम न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रेरणा देता है कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सृष्टि सिलावट की सफलता निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### स्कूल का सही मागदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत से मिला बेहतर परिणाम



इस शानदार सफलता पर स्कूल डायरेक्टर संजय उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उपाध्याय ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### आत्मविश्वास और स्कूल की सही मार्गदर्शन से मिली सफलता



सृष्टि सिलावट ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल को देते हुए कहा कि नियमित पढ़ाई और आत्मविश्वास ही उनकी सफलता का राज है।

### स्कूल के प्रमुख टॉपर विद्यार्थी

- 98% – सृष्टि सिलावट
- 93% – ताहा सैलाना वाला
- 92% – अनिन रंगरिया
- 91% – आभास तिवारी
- 90% – प्रतिक्षा पाठक
- 90 %– ग्रेसी शर्मा
- 89 %– अवनी
- 88% – युक्ति तिवारी
- 88% –उत्सव
- 86.6% – सृष्टि तिवारी
- 86.2% – मृग्नीशी तिवारी
- 86.2%– रेनी मेहता
- 87%– आकाश
- 85%– आयुष गुप्ता
- 84%– विपुल सिंह
- 84%– चारूल याग्निक
- 84%– मिहिका खंडेलवाल
- 82.6%– चारूल पाटीदार
- 82%– सौरांश
- 81%– अनवेश तिवारी
- 81%– संस्कृति
- 81%– कुलसुम शेख
- 81%– ध्रुवी जोशी
- 80%– सौम्य सिंह
- 79.2%– समरजीत
- 79% – सोनिया मेघनानी
- 79% – अक्षरा माहेश्वरी
- 78.6% – आशीष कुमार
- 78.2% – सोनु
- 78.2% – पुर्णी गोधरा
- 78.2% – बंदन राठौड़
- 77.2% – पार्थ
- 76.4% – उन्नती कौशल
- 76.2% – ध्रुवा गंगवाल
- 76% – नंदनी मईड़ा
- 75.6% – मेघल देशमुख
- 75% – सिद्धि

## भीषण गर्मी के चलते कलेक्टर के आदेश पर बदला स्कूलों का समय

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों को राहत देने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार, जिले के सभी स्कूलों के समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढा ने बताया कि गर्मी की लहर और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अब स्कूलों के संचालन का समय प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह आदेश जिले में संचालित होने वाले सभी शिक्षण संस्थान शासकीय एवं अशासकीय (निजी) विद्यालय, अनुदान प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त स्कूल, सी.बी.एस.ई एवं आई.सी.एस.ई बोर्ड से संबद्ध विद्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध स्कूल पर लागू होगा। श्री लोढ़ा ने बताया 'वर्तमान में जिले में अत्यधिक गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में यह कदम उठाया गया है। सभी विद्यालयों को इस समय-सारणी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।' दोपहर की चिलचिलाती धूप में बच्चों के घर लौटने की चिंता कर रहे अभिभावकों ने प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है, जिसे देखते हुए यह बदलाव अनिवार्य माना जा रहा था।

## द किंग्स एकेडमी को नोटिस,मान्यता व दस्तावेजों की होगी जांच




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** देवरा देवनारायण नगर स्थित द किंग्स एकेडमी पर लगे आरोपों के बाद शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाते हुए स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्कूल से मान्यता, कक्षाओं के संचालन तथा अन्य आवश्यक नियमों के पालन को लेकर विस्तृत जवाब मांगा गया है।

जानकारी के अनुसार, स्कूल द्वारा 'जूनियर एवं सीनियर' अंकित कर 12वीं तक संचालन का आभास दिया जा रहा था, जबकि मान्यता केवल 10वीं तक होने की बात सामने आई है। इस मामले को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए 12वीं में प्रवेश देने, भवन व भूमि संबंधी नियमों के पालन तथा अन्य व्यवस्थाओं पर स्पष्टीकरण तलब किया है।

सूत्रों के मुताबिक, स्कूल प्रबंधन को निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो मान्यता पर कार्रवाई, प्रवेश प्रक्रिया पर रोक सहित अन्य प्रशासनिक कदम उठाए जा सकते हैं। इधर, पालकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इस कदम से भ्रामक जानकारी देकर विद्यार्थियों को भ्रमित करने वाले संस्थानों पर अंकुश लगेगा।

### नोटिस में मांगे गए प्रमुख जवाब

- 10वीं तक मान्यता होने के बावजूद 12वीं में प्रवेश क्यों दिया गया?
- 'जूनियर-सीनियर' अंकित करने का आधार क्या है?
- भूमि व भवन संबंधी नियमों का पालन हुआ या नहीं?
- अलग भवन में कक्षाएं किस अनुमति से संचालित की जा रही हैं?

### इनका कहना

'स्कूल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जूनियर और सीनियर अंकन, मान्यता, भवन, भूमि एवं खेल मैदान से संबंधित दस्तावेज तलब किए गए हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

**अशोक लोढ़ा,**
**डीईओ रतलाम**

## ग्राहक बनाकर भेजा और मनासा क्षेत्र की 2 नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया

▸ परवलिया डरों में पुलिस की दबीश

**नवभारत न्यूज**

**ढोढर।** पुलिस बाछड़ा डेरो में लगातार नजर रखी जा रही है, जिसके चलते बुधवार दोपहर में पुलिस ने सूचना मिलने पर मनासा क्षेत्र की रहने वाली दो नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया जो अपनी बहन के यहां आई थी, जिनसे बहिन की सास द्वारा अनैतिक कार्य करवाया जा रहा था।

चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की परवलिया डेरा के श्यामा बाई पति अरविन्द चौहान के घर में बाहर की रहने वाली नाबालिग लड़कियों से अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है, जिस पर बुधवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर भेजा और इशारा मिलते ही उस घर में दबिश देकर 2 नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया। श्यामा बाई के साथ ही मौके पर देह व्यापार में संलिप्त आरोपी माखन पिता प्रकाश वानखेड़े जाति बलाई उम्र 22 साल निवासी झिरनिया थाना करय जिला खरगोन को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ रिंगनोद थाने पर पीटा एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही में चौकी ढोढर, थाना रिंगनोद एवं थाना बडावदा की संयुक्त टीम शामिल थी।

## जिले में नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता अभियान

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि जिले में नरवाई से निपटने के लिए किसानों द्वारा लगाई जा रही आग को रोकने के लिए जिला प्रशासन, कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग हर संभव प्रयास कर रहे हैं। किसानों को जागरूक करने एवं उनको प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षित करने हेतु जिले में 300 किट बायो डीकंपोजर वितरित किए गए हैं। नरवाई प्रबंधन में उपयोगी यंत्रों के विषय में जागरूकता बढ़ाने हेतु जिले भर में प्रदर्शन आयोजित किए गए। किसानों के खेतों में पहुंचकर नरवाई प्रबंधन में उपयोगी यंत्र मल्चर, देशी पाटा, रिवर्सिबल प्लाऊ आदि के माध्यम से खेत में नरवाई प्रबंधन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जागरूक किसान ग्राम पलसोड़ा निवासी महेंद्र सिंह आंजना ने देशी पाटा का उपयोग कर अपने 30 बीघा खेत में नरवाई प्रबंधन कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सेटेलाइट से प्राप्त डाटा अनुसार जिले में आज दिनांक तक 163 घटनाएं दर्ज की गई जिले में नरवाई जलाने वाले किसानों पर प्रशासन द्वारा सख्ती करते हुए अभी तक कुल 25200 रूपये का अर्थ दंड अधिरोपित किया जा चुका है शेष प्रकरणों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।



## नवागत सीएमओ ने कॉलोनी का किया निरीक्षण

**जावरा।** समस्याओं को लेकर नवागत सीएमओं ने नगर में निरीक्षण पर निकले। उन्होंने कॉलोनी में पहुंचकर समस्याएं देखी। वार्ड क्रमांक 9 में स्थित आर्शीवाद कॉलोनी की समस्या को लेकर नवागत सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस ने कॉलोनी का निरीक्षण किया। नाली निकासी, बगीचा, सीमांकन व अन्य समस्याओं को लेकर कॉलोनीवासियो से चर्चा की। सीएमओ ने जल्द ही समस्या निदान के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। शिघ्र ही बगीचा सीमांकन कराने का भी आश्वासन दिया। दशरथ कसानिया के साथ कॉलोनीवासी मौजुद थे।

## अंबेडकर जयंती पर हर वर्ग ने बाबा साहब को याद कर किया माल्यार्पण

**बड़ावदा।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मनाई गई। बाबा साहब को हर वर्ग के लोगों ने याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर परिषद कार्यालय में जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। जियोस सदस्य अनिल अवस्थी, सरपंच महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन सिंह चौहान ने आपके द्वारा किए गए कार्यों ओर भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए आपके पंच तीर्थ की जानकारी दी। नगर परिषद अध्यक्ष कल्पना कुमावत,उपाध्यक्ष रशीद पठान, अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र कुमावत, सीएमओ मनोज कुमार शर्मा,स्नेहलता जायसवाल, दुर्गा बाई पूनमचंद परमार,उमराव सिंह गुर्जर, श्यामलाल परमार, प्रकाश मालवीय आदि पार्षद, कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा बड़ावदा के ग्राम पंचायत बडावदी, डोडियाना, गड़गड़ियां, सिंदूरकिया, गुर्जरबर्दिया, उपलाई, सादाखेड़ी, बरडियागोयल लोद सहित अनेक स्थानों पर जयंती मनाई गई। मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा आदि मौजूद थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम मालवीय आदि कार्यकर्ताओं द्वारा भी बस स्टैंड पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके देश के प्रति योगदान पर चर्चा की गई।

बाबा साहब को हर वर्ग के लोगों ने याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर परिषद कार्यालय में जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया।जियोस सदस्य अनिल अवस्थी, सरपंच महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन सिंह चौहान ने आपके द्वारा किए गए कार्यों ओर भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए आपके पंच तीर्थ की जानकारी दी।

## विद्यालय का उत्कृष्ट परिणाम

**ढोढर।** शा.उ.मा.वि. पिपलियाजोधा का 10 वी ,12 वी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा 12वीं में 98 त्न और 10वीं में 90त्न विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए 9 मेधावी बच्चों को लैपटॉप व 2 को मिलेगी स्कूटी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपलिया जोधा के बच्चो ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम अर्जित किया है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का 90 प्रतिशत रहा। प्राप्त आँकड़ों के अनुसार कक्षा 10वीं में 30 विद्यार्थियों में से 27 उत्तीर्ण हुए। इनमें 22 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 05 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की।

## संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने रतलाम में गेहूं उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने रतलाम जिले के गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसान भाईयों से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। संभाग आयुक्त श्री सिंह ने किसानों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव,एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर, प्रभारी महा प्रबंधक सी सी बी आलोक जैन,आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ,परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश,तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर के सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।